

# शॉर्ट सर्किट से जली फसल, तहसीलदार ने जबरन मढ़ दिया 'नरवाई' जलाने का आरोप



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** एक ओर निमाड़ की तपती गर्मी किसानों का पसीना सुखा रही है, वहीं दूसरी ओर तहसील कार्यालय की कथित कार्यप्रणाली उनके आंसू निकालने पर आमादा है। खंडवा तहसील के ग्राम राईखुटवाल (पटवारी हल्का नंबर 64) में न्याय की उम्मीद लेकर पहुंचे 44 अन्नदाताओं के साथ प्रशासनिक धोखेबाजी का एक मामला सामने आया है। किसानों का आरोप है कि खेतों में आग बिजली विभाग की लापरवाही से लगी थी, लेकिन राजस्व अमले ने साक्ष्यों को दरकिनार कर उन पर नरवाई जलाने का झूठा आरोपी मढ़ दिया है।

**धोखे से कराए हस्ताक्षर, अब जुर्माना भरने का दबाव-** पूरा विवाद 10 अप्रैल 2026 की पेशी से शुरू हुआ। पीड़ित किसान सुकुल यादव और भीमसिंह सहित अन्य किसानों ने बताया कि खेतों में आग 11 के.वी. हाईटेंशन विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से लगी थी, जिसके प्रमाण भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए थे, लेकिन तहसील कर्मचारियों ने किसानों की अज्ञानता और भरोसे का फायदा उठाते हुए उन्हें बिना पढ़ाए एक रजिस्टर पर हस्ताक्षर करवा लिए। किसानों को लगा कि यह केवल उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया है, लेकिन 21 अप्रैल को जब दूसरा सूचना पत्र आया तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। प्रशासन ने उस हस्ताक्षर को गुनाह की कबूलियत मान लिया और दर्ज कर दिया कि किसानों ने स्वयं नरवाई जलाना स्वीकार किया है।

**जिसके खेत में खड़ी है नरवाई, उस पर भी जुर्माना-** प्रशासनिक लापरवाही का आलम यह है कि किसान भीमसिंह के खेत में आज भी गेहूं के अवशेष (नरवाई) ज्यों के त्यों खड़े हैं, फिर भी उन पर आग लगाने का प्रकरण बनाकर जुर्माना ठोंक दिया गया। किसानों का कहना है कि यह न केवल आर्थिक शोषण है बल्कि उनके स्वाभिमान पर भी गहरी चोट है। आक्रोशित अन्नदाताओं ने अब इस धोखाधड़ी के विरुद्ध कलेक्टर को शिकायती आवेदन सौंपकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### जिम्मेदारों के बोल-अभी व्यस्त हूं...

इस पूरे घटनाक्रम पर जब पक्ष जानने की कोशिश की गई, तो खंडवा के जिम्मेदार अधिकारियों का रवैया बेहद उदासीन रहा।

विष्णु यादव (सरपंच प्रतिनिधि, ग्राम राई)- किसानों पर सरासर झूठे प्रकरण बनाए गए हैं। हमारे पास बिजली के फाल्ट और आग लगने के पुख्ता साक्ष्य और प्रमाण हैं। तहसील न्यायालय में किसानों के साथ जो व्यवहार हो रहा है, वह बहुत ही गलत है।

महेश सिंह सोलंकी (तहसीलदार, खंडवा)- जब इस गंभीर मामले पर उनका पक्ष जानना चाहा तो उन्होंने केवल इतना कहकर पल्ला झाड़ लिया कि अभी मैं व्यस्त हूँ।

# निमाड़ में सूरज बरसा रहा आग, 43 डिग्री तापमान से जनजीवन बेहाल

**▸ प्रशासन ने जारी किया 'लू' का हाई अलर्ट**

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** निमाड़ का अंचल इन दिनों भीषण गर्मी की तपिश में झुलस रहा है। सूर्य देव के तीखे तेवरों ने समूचे क्षेत्र को भट्टी में तब्दील कर दिया है। 25 अप्रैल की स्थिति में पारा 43 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को पार कर गया, जिसके कारण आसमान से आग बरसती महसूस हो रही है। इस जानलेवा गर्मी और लू के थपेड़ों ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। दोपहर होते ही गर्म हवाओं के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं।

स्थिति को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने जिले के नागरिकों के लिए विशेष सावधानी बरतने का आग्रह किया है।

डॉ. जुगतावत ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अप्रैल से जून के बीच जब तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहता है, तब सीधी धूप के संपर्क में आना जानलेवा हो सकता है। लू लगने पर व्यक्ति को तेज सिरदर्द, घबराहट और बार-बार प्यास लगने जैसी शिकायतें होती हैं। शरीर का तापमान 100 डिग्री फारेनहाइट से अधिक हो जाना, त्वचा का पूरी तरह सूख जाना और पेशाब में जलन इसके गंभीर लक्षण हैं। समय पर उपचार न मिलने या शरीर में पानी की अत्यधिक कमी होने की स्थिति में मरीज की मृत्यु तक हो सकती है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी जीवनशैली और आहार-



विहार में बदलाव लाएं ताकि इस प्राकृतिक आपदा से बचा जा सके।बचाव के उपायों पर जोर देते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों ने सलाह दी है कि गर्मी के इस मौसम में घर से बाहर निकलते समय विशेष सावधानी रखें।

हमेशा हल्के रंग के सूती और ढीले कपड़े पहनें तथा सिर, कान और गर्दन को गमछे या तौलिये से ढंककर ही निकलें। इसके अलावा धूप के चश्मे और छतरी का उपयोग करना भी बेहद जरूरी है। खाली पेट धूप में निकलना जोखिम भरा हो सकता है, इसलिए हमेशा भोजन और पानी पीकर ही घर से बाहर कदम रखें। शरीर में पानी का स्तर बनाए रखने के लिए दिनभर पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन करते रहना चाहिए।यदि कोई व्यक्ति लू की चपेट में आ जाता है, तो उसे तुरंत छायादार स्थान पर ले जाकर कपड़े ढीले कर हवा करनी चाहिए। प्राथमिक उपचार के तौर पर मरीज को पना, ओआरएस घोल या ठंडे पेय पदार्थ दिए जा सकते हैं।

> शरीर का तापमान नियंत्रित करने के लिए ठंडे पानी की पट्टियां रखना या ठंडे पानी से स्नान कराना बेहतर है। साथ ही जौ के आटे या प्याज के रस का लेप भी किया जा सकता है। डॉ जुगतावत ने अनुरोध किया है कि यदि प्राथमिक उपचार से स्थिति में सुधार न हो, तो बिना देर किए मरीज को निकटतम अस्पताल ले जाएं। प्रशासन ने दोपहर में भारी श्रम और भीड़भाड़ वाली यात्राओं से बचने की भी सलाह दी है।

# श्रीकृष्ण बालाजी नगर में सजेगा खाटू श्याम दरबार

**▸ तीन दिवसीय मेला और भव्य भजन संध्या**

**नवभारत न्यूज़**

**ओंकारेश्वर।** ओंकारेश्वर रोड स्थित सुदर्शन मिल चौराहा के पास विकसित श्री कृष्ण बालाजी नगर में तीन दिवसीय फुटकर मेला और भव्य खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। बालाजी ग्रुप द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हो चुका है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर मेले का आनंद ले रहे हैं।मेले में घर-गृहस्थी के सामान, सजावटी वस्तुएं और बच्चों के खिलौनों सहित विविध प्रकार की दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

शाम होते ही पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन जाता है, जिससे यह आयोजन क्षेत्रीय नागरिकों के लिए खरीदारी और मनोरंजन का खास केंद्र बन गया है। सोमवार को गूंजेगी भजन संध्या - 27 अप्रैल, सोमवार (एकादशी) को विशाल खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। बालाजी ग्रुप के संस्थापक एवं समाजसेवी कॉलोनाइजर रितेश गोयल ने बताया कि क्षेत्रवासियों की लंबे समय से इच्छा थी कि यहां बाबा खाटू श्याम जी का भव्य धार्मिक आयोजन हो, जिसे अब साकार किया जा रहा है।कार्यक्रम में जबलपुर की सुप्रसिद्ध गायिका पूनम त्रिपाठी, इंदौर के विख्यात गायक अंकित गुरुजी और सौरभ लाड़ला भजनों की प्रस्तुति देंगे।





आयोजन में बाबा का आकर्षक श्रृंगार, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, छप्पन भोग और राधे-कृष्ण की मनमोहक झांकियां विशेष आकर्षण रहेंगी।

इसके साथ ही शहर के गणमान्य नागरिकों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने सनावद सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर मेले और भजन संध्या का लाभ लेने की अपील की है।

# सिंहस्थ-2028 श्रद्धालुओं की सुविधा और भीड़ प्रबंधन पर विशेष जोर



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने ओंकारेश्वर में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य श्रद्धालुओं की सुविधा और प्रभावी भीड़ प्रबंधन को केंद्र में रखकर किए जाएं।

पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि सिंहस्थ के व्यस्ततम समय को ध्यान में रखते हुए दर्शन क्षमता के अनुरूप होल्डिंग एरिया विकसित किए जाएं, विशिष्टजनों के लिए अलग कॉरिडोर बनाया जाए तथा आपातकालीन चिकित्सा रूट सुनिश्चित किया जाए। मप्र पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक डॉ इलैयाराजा टी, कलेक्टर ऋषव गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। एसीएस दुबे ने निर्देश दिए कि पार्किंग क्षेत्रों में ईवी चार्जिंग प्वाइंट, ई-कार्ट, बैटरी संचालित साइकिल और व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाए। पैदल श्रद्धालुओं के लिए मार्ग में नियमित अंतराल पर पेयजल और अस्थायी शौचालय उपलब्ध कराने के साथ ही घाटों के पास स्नान कुंड विकसित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कुबेर भंडारी और ट्रेंचिंग ग्राउंड पर प्रस्तावित पार्किंग के लिए वन विभाग से शीघ्र अनुमति प्राप्त करने, पुलिस और होमगार्ड जवानों को मंदिर, घाट और पार्किंग स्थलों पर तैनाती से पूर्व स्पॉट ट्रेनिंग देने पर जोर दिया। बैठक में सिंहस्थ से जुड़े निर्माण कार्यों की टेंडर प्रक्रिया, बजट प्रावधान और प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर गुप्ता ने बताया कि सिंहस्थ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसके मद्देनजर मोरटक्का रेलवे स्टेशन, कोठी-ओंकारेश्वर लेफ्ट बायपास और ओंकारेश्वर-कोठी राइट बायपास सहित विभिन्न विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। बैठक से पूर्व एसीएस दुबे ने निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण कर उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

# सूरजकुंड में स्कूली छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान




**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गौतम नगर स्थित प्राचीन सूरजकुंड पर श्रमदान कर साफ-सफाई की। इस दौरान जल स्त्रोत और मंदिर परिसर में जमा कचरा व गाद हटा क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया।

विकासखंड समन्वयक राजकुमार मालाकार ने अभियान के द्वितीय चरण में विद्यार्थियों को अपने-अपने गांवों के जल स्त्रोत, तालाब और कुंड स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया। साथ ही प्रभात फेरी, कलश यात्रा, वृक्ष एवं जल स्त्रोत पूजन, भजन संध्या, संकीर्तन, आरती और दीपमाला जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने की बात कही। उन्होंने बताया कि युवाओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण देकर जिम्मेदार नेतृत्वकर्ता बनाया जा रहा है, ताकि समाज के हर वर्ग को स्वच्छता अभियान से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम में जिला समन्वयक जगदीश पटेल, मेंटर प्रीति गीते, आशीष पटेल, दिलावर सोनरिस, राहुल, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष नारायण फरकले सहित बड़ी संख्या में समाजकार्य के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# खंडवा को मिली पुणे के लिए एक और नियमित ट्रेन



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** शहर की सामाजिक संस्था जनमंच ने रेल सुविधाओं के विस्तार और यात्रियों की सुविधाओं के लिए अपनी सक्रियता बड़ा दी है। शनिवार को संस्था की बैठक संपन्न हुई, जिसमें रेलवे से जुड़ी विभिन्न मांगों पर रणनीति तैयार की गई। बैठक में भुसावल-नागपुर वाया खंडवा सुपरफास्ट ट्रेन (22111/22112) दादाजी धाम एक्सप्रेस को पुन: शुरू करवाना रहा।

जनमंच के सदस्यों ने तय किया है कि इस मांग को लेकर खंडवा और बैतूल के सांसदों से संपर्क किया जाएगा और केंद्र सरकार को निरंतर पत्र भेजे जाएंगे। इसके अतिरिक्त, सिंहस्थ 2028 से पहले सनावद-इंदौर ब्रॉडगेज लाइन शुरू करने और ओंकारेश्वर रोड स्टेशन से मुख्य तीर्थ तक 10 किमी की नई रेल लाइन बिछाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई ताकि श्रद्धालुओं को सीधा लाभ मिले।28 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी-पुणे अमृत भारत एक्सप्रेस (02531) को हरी झंडी दिखाएंगे, जो 29 अप्रैल को पहली बार खंडवा जंक्शन पहुंचेगी। इस उपलब्धि पर जनमंच के सदस्य चंद्र कुमार सांड, अनुराग बंसल, कमल नागपाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री, रेल मंत्री और क्षेत्रीय सांसद का आभार व्यक्त किया है।

**एक नजर** ▸ **नर्मदा में सीवेज छोड़ा तो खैर नहीं**

# तीन दिन में जांच पूरी करने का अल्टीमेटम, ओंकारेश्वर में कार्रवाई शुरू

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** सिंहस्थ महापर्व-2028 को देखते हुए ओंकारेश्वर और नर्मदा नदी के तटीय क्षेत्रों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशन में एसडीएम पुनासा पंकज वर्मा ने होटल, रिसॉर्ट और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सीवेज व्यवस्था की जांच के लिए संयुक्त दल गठित किया है।

आदेश के अनुसार मोरटक्का से ओंकारेश्वर और कोठी से सनावद मार्ग के दोनों ओर स्थित सभी होटल-रिसॉर्ट्स और नगर क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में स्थापित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) एवं अपशिष्ट जल निष्कासन की सघन जांच की जाएगी।



जांच दल में डिप्टी कलेक्टर ममता चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोनिका भौपचे, उपयंत्री मनोज जायसवाल और दुर्गेश चौधरी सहित राजस्व व पंचायत अमले के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं, जिससे व्यापक स्तर पर निगरानी सुनिश्चित की जा सके।कलेक्टर श्री गुप्ता ने जांच दल को निर्देश दिए हैं कि तीन दिवस के भीतर जांच पूरी कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। साथ ही संकेत दिए गए हैं कि सीवेज प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित होटल और रिसॉर्ट संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि गठित जांच दल ने आज से ही कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रशासन का साफ संदेश है-नर्मदा की स्वच्छता से कोई समझौता नहीं होगा।

# जिला जेल में विधिक साक्षरता-स्वास्थ्य शिविर

**▸ 224 बंदियों का परीक्षण, अधिकारों की दी जानकारी**



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला जेल खंडवा में शनिवार को विधिक साक्षरता शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव श्रीवास्तव ने बंदियों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि व्यक्ति परिस्थितियों या अज्ञानता में अपराध कर सकता है, लेकिन सही मार्गदर्शन से सुधार संभव है।

उन्होंने बंदियों को सकारात्मक सोच अपनाने, समय का सदुपयोग करने और रचनात्मक कार्यों में जुड़ने के लिए प्रेरित किया।स्वास्थ्य शिविर में जिला चिकित्सालय की विशेषज्ञ टीम ने बंदियों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श और निशुल्क दवाइयां वितरित कीं। शिविर में 211 पुरुष एवं 13 महिला बंदियों सहित कुल 224 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश ठाकुर प्रसाद मालवीय, जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह, जेल अधीक्षक नवीन नेमा, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता दशरथ सिंह चौहान, प्रीतेश दुबे, निखिल गौतम, साक्षी गुप्ता सहित अन्य अधिवक्ता और पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे।


दैनिक नवभारत

छनेरा में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने
विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
महेश जैन (संवाददाता) मो. 98263 68865

पुनासा में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने
विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
शुभम सोनी (संवाददाता) मो. 99077 23585

छैगांवमाखन में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने
विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
लाड़ न्यूज एजेंसी, छैगांवमाखन
रंजना अमित लाड़ (संवाददाता) मो. 7828819062

पंधाना में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने
विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
जय न्यूज़ एजेंसी, पंधाना
किशोर सपकाल (संवाददाता) मो. 8305187155

किल्लौद में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने
विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
अपना न्यूज़ एजेंसी, किल्लौद
सौरभ राठौर (संवाददाता) मो. 7828628002

मूंदी में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने
विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
चरक न्यूज एजेंसी, मूंदी
डॉ. रिजवान कुरैशी (संवाददाता) मो. 9826545003

बीड़ में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने
विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
पूर्वी न्यूज एजेंसी, बीड़
राजेन्द्र सोनी (प्रतिनिधि) मो.9424710031,9617086499

राई में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने
विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
श्री दादाजी न्यूज़ एजेंसी, राई
राम कसेरा (संवाददाता) मो. 9340594203